NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 231/NCRES/76/21 Date : 9.12.2021

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः—श्रीमती निशा देवी सरोज, अवर लेखा सहायक अधीन वरि० म० वित्त प्रबंधक, प्रयागराज को टंकण परीक्षा हेतु एक विशेष अवसर प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि श्रीमती निशा देवी सरोज की नियुक्ति अनुकम्पा आधार पर दिनांक 21.8.2019 को अवर लेखा सहायक अधीन व.म.वि.प्र./उमरे/प्रयागराज के पद पर हुई थी लेकिन पति के देहान्त के बाद बदली हुई परिस्थितियों में पारिवारिक समस्यायों के कारण श्रीमती निशा देवी सरोज टाइपिंग का अभ्यास पूरा नही कर पायी जिसके कारण 22.1.2020 की टंकण परीक्षा के प्रथम प्रयास में वे उत्तीर्ण नही हो सकी।

यह भी अवगत कराना है कि मार्च 2020 से कोविड महामारी के कारण सम्पूर्ण लाक डाउन में टाइपिंग संस्थानो के बन्द हो जाने से श्रीमती निशा देवी सरोज टाइपिंग का अभ्यास नही कर पायी और पुनः दिनांक 1.9.2020 की टंकण परीक्षा वे उत्तीर्ण नही कर पाई।

यह भी अवगत कराना है कि कोविड महामारी का दूसरा फेज बहुत भयानक था सामाजिक ताना—बाना बिखर रहा था, ऐसे में पति की मृत्यु से मानसिक रूप से परेशान दुःखी दलित महिला अपने बूढ़ी सास, जेठ व अन्य परिवार के सदस्यो के देखभाल की जिम्मेदारी किसी प्रकार निभा रही थी, लेकिन कोविड काल में जेठ और बूढ़ी सास का देहान्त हो जाने से और परेशान हो गई, दूसरी तरफ मण्डल प्रशासन ने टंकण परीक्षा के लिये एक मौका और देते हुये परीक्षा की तिथि 14.6.2021 निर्धारित कर दिया।

ऐसी स्थिति में श्रीमती निशा देवी सरोज ने अपनी परिस्थितियों का हवाला देकर मण्डल प्रशासन से टंकण परीक्षा एक माह बाद कराने का अनुरोध किया लेकिन परीक्षा निर्धारित तिथि पर हुई और पुनः निशा देवी सरोज परीक्षा में पास नही हो पाई।

NCRES का मानना है कि जिस प्रकार कोविड–19 की विशेष परिस्थितियों को देखते हुये तमाम मामलो में सहानुभूति पूर्वक विचार कर छूट प्रदान की गई है उसी प्रकार श्रीमती निशा देवी सरोज जिनकी पारिवारिक परिस्थितियां ठीक नही थी, और कोविड काल में उसके पति के अलावा सास व जेठ की मृत्यु हो गई, सम्पूर्ण लाक डाउन में टाइपिंग संस्थान बंद हो गये, ऐसे में श्रीमती निशा देवी सरोज की परिस्थितियों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिये।

अतः NCRES का अनुरोध है कि श्रीमती निशा देवी सरोज, जो पति की मृत्यु और कोविड के प्रकोप (सास व जेठ की मृत्यु) से अत्यन्त परेशान है, आप व्यक्तिगत रूप से इनकी परिस्थितियों पर विचार करें और कोविड काल की विशेष परिस्थितियों के कारण आप अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुये श्रीमती निशा देवी सरोज को टंकण परीक्षा के लिये अन्तिम रूप से एक विशेष मौका देने का आदेश करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री